दिशानिर्देश कार्यशाला

आज दिनांक 07.04.18 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर में कक्षा नवमी. के पालकों के लिए दिशानिर्देश कार्यशाला का प्रारंभ प्रार्थना के साथ किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों के साथ कुछ समय अवश्य बितायें एवं उनकी समस्याओं को जानकर उनका उचित समाधान करे। उन्होंने यह भी कहा कि वे बच्चों की आवश्यक सहायक सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी बौद्धिक उन्नति , में सहायता करे। प्राचार्य महोदय के विचारों की गति प्रदान करते हुए कोआर्डिनेटर ज्योति मैम एवं संबंधित अन्य शिक्षिकाओं द्वारा आगामी वर्ष के अर्न्तगत होने वाली समस्त परीक्षाओं एवं पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारियां दी गई। कार्यशाला के अंतर्गत पालकों द्वारा अपनी जिज्ञासाओं को पूर्ण करने के लिए प्रश्नों के उत्तर पूछे तथा शिक्षकों द्वारा उनका उचित उत्तरों के साथ समाधान प्रस्तुत किया गया । संपूर्ण कार्यशाला अत्यंत प्रभावी एवं रूचिकर रही।